सीकर में हिस्ट्रीशीटर सहित 25 बदमाशों ने 'एसपी ग्रुप' के संदीप पिलानिया की हत्या की

बदमाशों ने फावड़े से संदीप पिलानिया के सिर, मुंह और छाती सहित अन्य जगह चोटें मारी

सीकर, (निसं)। सीकर में एक बार फिर गैंगवार में विरोधी गैंग ने एसपी गैंग के सरगना संदीप पिलानिया की हत्या कर दी। स्मैक व एमडी तस्करी व हथियार तस्करी सहित अन्य अवैध कार्यों में आपसी रंजिश होने पर बदमाशों ने एसपी गैंग के सरगना संदीप पिलानिया की विरोधी गैंग ने फावड़े से हमला कर हत्या कर दी।

- **हमलावरों ने युवक के साथी आनंद शर्मा का पीछा कर उसके भी हाथ-पैर तोड़ दिए, 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया**
- **स्मैक-एमडी व हथियार तस्करी सहित अन्य अवैध कार्यों में दोनों गैंग के बदमाशों के बीच आपसी रंजिश चल रही थी**

मृतक ने अपने नाम से ही एसपी गैंग बना रखी थी। बदमाशों ने मृतक के सिर मुंह, छाती सहित अन्य जगह चोटें मारी। घटना बुधवार रात एक बजे के बीच रसीदपुरा के पास नायरा पेट्रोल पंप की है। आरोपियों ने युवक के साथी आनंद शर्मा का पीछा कर उसके भी हाथ-पैर तोड़ दिए। परिजन, ग्रामवासी व मृतक संदीप के दोस्त एसके हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। मामले में मृतक के छोटे भाई कुलदीप पुत्र नेमीचंद निवासी अजीतपुरा ने एक हिस्ट्रीशीटर व छह नामजद आरोपियों सहित करीब 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मृतक के पिता नेमीचंद आर्मी में हवलदार है।

सदर थाना पुलिस के अनुसार मृतक के भाई कुलदीप की ओर से दी एफआइआर में बताया कि संदीप पिलानिया (34) पुत्र नेमीचंद पिलानिया निवासी अजीतपुरा अपने प्रवीण, सोयल, आनंद, मोहित और मुकेश के साथ साथ बुधवार रात 12.30 बजे भढ़ाडर में वर्कशॉप से चला था। बदमाशों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया था। गाड़ी में पेट्रोल डलवाने के लिए वह भढ़ाडर स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर गया। वहां गाड़ी घुमाते समय सामने से एक गाड़ी चालक ने टक्कर मारी, जिससे संदीप की गाड़ी बंद हो गई। इतने में तीन गाड़ियां और आई और उन्होंने भी संदीप की गाड़ी के टक्कर मारी। गाड़ियों में 20 से 25 बमाश सवार थे। हमलावरों में हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र लोसल, नितेश उर्फ वीरू, उमेश बगड़िया उर्फ पोलक, अरबाज खान लक्ष्मणगढ़, कालू खेड़ी, सुमित सहित अन्य लोग शामिल थे।

संदीप व उसके साथी भागने लगे तो हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र लोसल, उमेश बगड़िया उर्फ पोलक सहित अन्य आरोपियों ने संदीप पिलानिया व आनंद शर्मा उर्फ आनंद चैनपुरा को पकड़ लिया और फावड़ा, लाठी, सरियों व रॉड से जमकर मारपीट की। इससे संदीप पिलानिया की मौके पर मौत हो गई। आनंद शर्मा पुत्र रामोतार शर्मा निवासी सिंगनोर, गुढा, झुंझुनूं, हाल निवास पुरोहितजी की ढाणी वार्ड नंबर 46 सीकर पर सरियों व रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। आनंद के बाएं पैर तीन फ्रैक्चर है। वहीं बाएं हाथ में कोहनी, कंधा व अंगुली में भी फ्रैक्चर है। उसका सीकर के निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, वह गाड़ी चलाता है।

शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म का आरोप

मारपीट कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया, मामला दर्ज

अलवर, (निसं)। अलवर के एनईबी थाना क्षेत्र में एक महिला से ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने, मारपीट करने और जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मुकदमा दर्ज हुआ है। कोर्ट के आदेश (इस्तगासा) के बाद थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि मेरे बेटे के दोस्त का भाई मौसम खान मेरे घर आया। आरोपी ने मुझे नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और कहा कि वह उसे अपने साथ सहायक के रूप में काम पर रखेगा। पीड़िता ने बताया कि 12 सितंबर 2024 को मैं अपने बेटे की तलाश में आरोपी के साथ दिल्ली गई थी। वहां दिल्ली के एक होटल में आरोपी ने दो कमरे बुक कराए और चालाकी से मुझे अलग कमरे में रुकने पर मजबूर किया। रात को खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर मुझे बेसुध कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने मेरी अश्लील फोटो भी खींच ली। होश आने पर जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी लगातार ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी मौसम खान मुझ पर जबरन धर्म परिवर्तन करने के लिए भी दबाव बनाता था। मना करने पर आरोपी ने पीड़िता से मारपीट की और उसके मुंह पर तकिया लगाकर जान से मारने का प्रयास किया। इसके अलावा भी आरोपी ने घर में घुसकर पीड़िता से मारपीट की। मेरे बेटे को जान से मारने और जातिसूचक शब्द कहकर धमकी दे चुका है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी मौसम खान के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पुलिस उप अधीक्षक मनीषा मीना को सौंपी गई है।

फैक्टरी से 450 टन अवैध बजरी का स्टॉक जब्त

टोंक, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये गये विशेष अभियान अवैध बजरी खनन व परिवहन व भंडारण के विरूद्ध पीपलू वृताधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस बरोनी थाना टीम ने कार्रवाई करते हुए एस.एम. सीमेन्ट प्रोडक्टस नामक फैक्टरी पर करीब 450 टन अवैध बजरी भण्डार को जब्त किया गया तथा बुधवार रात्रि के दौरान पहाड़ी गांव के पास से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बजरी परिवहन करते हुए जब्त किये गये।

- **पहाड़ी गांव के पास से भी अवैध बजरी परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किये**

बरोनी थानाधिकारी ने बताया कि अवैध बजरी भण्डारण की सूचना पर बरथल तिराहे के पास स्थित एस.एम. सीमेन्ट प्रौडक्टस नामक सीमेन्ट पॉल पाईप फैक्टरी पर फैक्टरी चैकिंग की गई तो फैक्टरी परिसर मे तीन जगह पर करीब 450 टन बजरी का भण्डारण पाया गया, जिसके बाद स्टॉक को जब्त कर फैक्टरी संचालक को नोटिस जारी करते हुए सात दिन में आवश्यक दस्तोवज पेश करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं अन्य टीम ने बुधवार रात्रि के दौरान पहाडी गांव के पास से दो ट्रैक्टर ट्रोली मय अवैध बजरी के जब्त किया गया है।


जोधपुर में ज्वैलरी दुकान सहित तीन जगहों पर चोरी

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में नकबजनों ने दो दुकानों और एक मंदिर में सैंध लगाकर वहां से ज्वैलरी, सामान और दानपेटी आदि चोरी कर लिए। संबंधित थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि खसरा नंबर 16 मैन बनाड़ रोड निवासी श्याम सुंदर पुत्र रतनसिंह ने रिपोर्ट दी कि उसकी एक ज्वैलरी शॉप बनाड़ रोड पर नवरतन ज्वैलर्स के नाम से आई है। जहां पर गत रात में चोरों ने दुकान के शटर के ताले तोड़कर चांदी के आभूषण, बर्तन आदि चोरी कर ले गए। बनाड़ पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ मंडोर पुलिस के अनुसार जूनी बागर महामंदिर निवासी मुकेश पुत्र नारायण सिंह ने रिपोर्ट दी कि उसका एक 100 केवी का जनरेटर सुरपुरा रोड बालाजी नर्सरी पर रखा हुआ था, जोकि अज्ञात चोर चुराकर ले गया। फिलहाल जनरेटर का पता नहीं लगा है। वहीं लूणी पुलिस ने बताया कि कांकाणी निवासी गजेंद्र सिंह पुत्र मोहनसिंह ने रिपोर्ट दी कि रातड़ीनाडी में नागणेच्या माता का मंदिर आया है, जहां पर चोरों ने सैंध लगाकर दानपेटी चोरी कर ली। इसमें एक लाख तक की नगदी भरी थी।

परबतसर क्षेत्र के सीडीयास गांव के जंगल में नर पैंथर का शव मिला

परबतसर, (निसं) क्षेत्र के सीडीयास गांव के जंगल में नर पैंथर का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को सुरक्षित रेंज परिसर लाया गया। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में पैंथर का अंतिम संस्कार किया गया।



परबतसर के सीडीयास गांव के जंगल में पैंथर का शव मिला।

- **सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को रेंज परिसर लाया गया**
- **मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में पैंथर का अंतिम संस्कार किया गया**

जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय परबतसर रेंज के अधीन वन क्षेत्र में सीडियास के जंगल में एक नर पैंथर का शव मिला। सूचना मिलते ही रेंजर राकेश मालाकार के नेतृत्व में राहुल सोहन सारण, बलबीर, लक्ष्मण सिंह सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके का जायजा लेने के बाद पैंथर के शव को सुरक्षित तरीके से रेंज परिसर पहुंचाया। वन विभाग के अनुसार प्रथम दृष्टया पैंथर की मौत आपसी संघर्ष के कारण होने की आशंका है। इसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारियों के गठित मेडिकल बोर्ड ने रेंज परिसर में मृत पैंथर का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वन्यजीव संरक्षण नियमों और उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकारियों को मौजूदगी में पैंथर के शव का अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पैंथर की मौत का वास्तविक और सटीक कारण मेडिकल बोर्ड की अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

अरावली क्षेत्र में लगातार देखी जा रही है मूवमेंट :- परबतसर क्षेत्र पहाड़ी और अरावली की पर्वत श्रृंखला से जुड़ा हुआ है। किनसरिया पहाड़ी से मांडण, हुलदाणी, मेहगांव रोड, पीर साहब की पहाड़ी होते हुए सीडियास-कुंडीयास तक के जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में अक्सर पैंथर की मूवमेंट देखी जाती है। कुछ दिन पहले भी मेहगांव के आसपास के जंगलों में पैंथरों की मौजूदगी देखी गई थी। इस दौरान पैंथरों ने कई गायों का शिकार किया था, जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी। ऐसे में क्षेत्र में पैंथर की लगातार मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में भी चिंता बनी हुई है।

जोधपुर में आईटीआई के ऑफिस में आग लगी

जोधपुर, (कासं)। काजरी रोड आईटीआई सर्किल स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार सुबह डिप्टी डायरेक्टर ऑफिस में अचानक आग लग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। गनीमत रही कि आग लगने के समय ऑफिस बंद था और वहां कोई मौजूद नहीं था।

जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब 8 बजे की है। आग पहले ऑफिस में लगी थी और फिर वायरिंग के जरिए बरामदे तक पहुंच गई। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. जगदीश प्रसाद ने बताया कि आग की सूचना पर संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आग के कारण डिप्टी डायरेक्टर ऑफिस में रखे कंप्यूटर, टीवी, फर्नीचर, बिजली उपकरण, मॉडम, सीलिंग, दरवाजे और कैमरा सिस्टम सहित अन्य सामान जल गया है। इसके अलावा मुख्य भवन की बिजली वायरिंग और अन्य कमरों में लगे बिजली उपकरण व एसी आदि को भी नुकसान पहुंचा है।

जोधपुर से पेशी से लौट रहे झाड़ोल एसएचओ की सड़क हादसे में मौत, कॉन्स्टेबल घायल

उदयपुर/जोधपुर, (कास)। उदयपुर जिले के झाड़ोल थाना एसएचओ बुद्धराम विश्नोई की बुधवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। वे जोधपुर हाईकोर्ट में पेशी के बाद कार से उदयपुर लौट रहे थे। हादसा जोधपुर के चामू थाना क्षेत्र में रात 12 बजे हुआ। वहीं हादसे में कार ड्राइवर भी घायल हो गया, जिसे एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस के अनुसार थानाधिकारी की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का बोनट और छत टूटकर बिखर गई। एसएचओ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि ड्राइवर कॉन्स्टेबल घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को चामू के सरकारी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। घायल कॉन्स्टेबल का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

- **एसएचओ बुद्धराम विश्नोई जोधपुर हाईकोर्ट में पेशी के बाद कार से उदयपुर लौट रहे थे**
- **जोधपुर के चामू थाना क्षेत्र में सामने की गाड़ी की हेडलाइट आंखों पर पड़ने से खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कार टकराई गई थी**
- **बुद्धराम बिश्नोई चामू के ही रहने वाले थे और दो महीने पहले ही उनका ट्रांसफर बांसवाड़ा से उदयपुर के झाड़ोल में हुआ था**

चामू थानाधिकारी हनुमान बिश्नोई ने बताया जांच में पता लगा है कि उनकी कार अनियंत्रित हुई थी। रात के समय सामने से आ रही गाड़ी की हेडलाइट आंखों पर पड़ने से सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं दिखी जिससे कार उससे भिड़ गई। बिश्नोई ने बताया कि बुद्धराम बिश्नोई चामू के ही रहने वाले थे और दो महीने पहले ही उनका ट्रांसफर बांसवाड़ा से उदयपुर के झाड़ोल में हुआ था।

बीकानेर में शुरू होने वाली सिरेमिक लैब को जयपुर ले जाने की तैयारी

बीकानेर के क्ले खान मालिकों को क्ले, अन्य खनिजों और सिरेमिक प्रोडक्ट की जांच के लिए यूपी व गुजरात जाना पड़ता है

बीकानेर, (निसं)। लंबे प्रयासों के बाद बीकानेर में शुरू होने वाली सिरेमिक लैब को जयपुर ले जाने की तैयारी कर ली गई है। सरकार की बजट घोषणा में जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइनिंग एंड मिनरल की घोषणा की गई थी। बीकानेर की सिरेमिक लैब को गुपचुप तरीके से उसी में समाहित किया जा रहा है।

बीकानेर में क्ले की करीब 200 खानें हैं। इन खान मालिकों को क्ले अन्य खनिजों और सिरेमिक प्रोडक्ट की गुणवत्ता की जांच के लिए यूपी के अलीगढ़ में खुर्जा, गुजरात के अहमदाबाद, मोरबी जिलों में जाना पड़ता है। इसे देखते हुए सालों से सिरेमिक लैब शुरू करने की आवश्यकता जताई जा रही थी और वर्ष, 24-25 के बजट में सरकार ने इसकी घोषणा भी कर दी। बीकानेर के बीटीयू में सिरेमिक लैब खोलना तय किया गया और सरकार से इसके लिए बजट की पहली किस्त में करीब 2 करोड़ रुपए का बजट भी मिल गया। लेकिन, अब बीकानेर की सिरेमिक लैब को गुपचुप तरीके से जयपुर ले जाने की तैयारी कर ली गई है। वर्ष, 2025-2026 के बजट में सरकार ने जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइनिंग एंड मिनरल्स की घोषणा की थी। बीकानेर की सिरेमिक लैब को उसी में समाहित किया जा रहा है, जबकि उपयोगिता बीकानेर में ज्यादा है।

- **सरकार की बजट घोषणा में जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइनिंग एंड मिनरल की घोषणा की गई थी, इस लैब को गुपचुप तरीके से उसी में समाहित किया जा रहा है**

इस संबंध में खान एवं भूविज्ञान विभाग की विशिष्ट शासन सचिव नम्रता वृष्णि ने लैब संचालन गवर्निंग काउंसिल के सचिव और खान निदेशक को अवगत करा दिया है। इस दौरान बीकानेर को सिरेमिक लैब के उपकरण खरीदने के लिए मिले दो करोड़ रुपए भी भवन की उपलब्धता नहीं होने के कारण लैप्स हो गए। नए सिरे से बजट के प्रस्ताव भेजे गए जो ठंडे बस्ते में पड़े हैं। गौरतलब है कि बीकानेर में लैब संचालन के लिए गर्वनिंग काउंसिल और एग्जीक्यूटिव कमेटी का गठन भी कर लिया गया था। गवर्निंग काउंसिल में खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव और खान निदेशक अध्यक्ष व सचिव के रूप में शामिल थे।

मेजर उपकरणों के लिए 4.8 करोड़ रुपए के प्रस्ताव भेजे थे : बीकानेर में सिरेमिक लैब शुरू करने के लिए आधुनिक उपकरण खरीदे जाने थे। मेजर उपकरण एक्सआरएफ (एक्स-रे फोरेसेंस), पार्टिकल साइज एनालाइजर, डीएससी और डाइलेटोमीटर की जरूरत होती है। इसके अलावा दो साल की मैनपॉवर के लिए 20-25 लाख रुपये और सिविल वर्क और इलेक्ट्रिक मेंटेनेंस के लिए 15-20 लाख रुपए सहित कुल 4.8 करोड़ रुपए के प्रस्ताव जयपुर भेजे गए थे। सरकार से दो करोड़ रुपए का बजट भी मिला जो लैप्स हो गया था।

के.बी. गुप्ता, सिरेमिक व्यवसायी ने कहा कि बीकानेर में क्ले की करीब 200 खानें हैं। इनका 60-70 प्रतिशत माल मोरबी जाता है। खरीदार, इंडस्ट्रियल खान मालिकों से क्ले की गुणवत्ता की रिपोर्ट मांगते हैं। खान मालिकों को दूसरे राज्यों की लैब से टेस्टिंग करवानी पड़ती है। जहां कहीं सिरेमिक प्रोडक्ट तैयार होते हैं तो उनकी भी लैब में टेस्टिंग रिपोर्ट तैयार की जाती है। बीकानेर के गजनेर में सिरेमिक हब बनना है इंडस्ट्री पनपने की पूरी संभावना है। जयपुर से ज्यादा सिरेमिक लैब की जरूरत बीकानेर में है। बीकानेर में लैब होने से आसपास के राज्य भी अपने प्रोडक्ट की टेस्टिंग यहां करवाएंगे और सरकार को रेवेन्यू मिलेगी।

राजीव कश्यप, एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य सचिव और अतिरिक्त निदेशक भूविज्ञान का कहना है कि बीकानेर में सिरेमिक लैब के संबंध में खान निदेशक को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा गया है। इस संबंध में अभी कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। दुबारा बजट के प्रस्ताव भेजे गए थे, लेकिन जवाब नहीं मिला।

नदबई में डॉक्टर और दलाल रिश्वत लेते ट्रैप



एसीबी की टीम ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशिकान्त शर्मा और उसके दलाल त्रिलोकचन्द शर्मा को गिरफ्तार किया।

भरतपुर, (निसं)। नदबई से भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धौलपुर चौकी ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए राजकीय चिकित्सालय नदबई के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशिकान्त शर्मा और उसके दलाल त्रिलोकचन्द शर्मा उर्फ चीनू को 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोप है कि रिपोर्ट में हैवी एमएलसी बनाने के नाम पर डॉक्टर ने दलाल के जरिए 35 हजार रुपये की मांग की गई थी।

जानकारी के अनुसार परिवादी ने नदबई थाने में मारपीट का केस दर्ज कराया था, जिसमें परिजनों की मेडिकल रिपोर्ट नदबई अस्पताल में होनी थी। आरोप है कि मेडिकल रिपोर्ट में हैवी एमएलसी बनाने के नाम पर डॉक्टर ने दलाल के जरिए 35 हजार रुपये की मांग की। शिकायत पर एसीबी ने गोपनीय सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद एसीबी टीम ने जाल बिछाया। दलाल चीनू को रिश्वत लेते पकड़ा गया और राशि उसकी पैंट की जेब से बरामद हुई, जबकि डॉक्टर को सरकारी आवास से डिटेन किया गया है।

- **आरोप है कि मेडिकल रिपोर्ट में हैवी एमएलसी बनाने के नाम पर डॉक्टर ने दलाल के जरिए रुपये मांगे थे**

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR

No.NIT/2026-27/8158-66 **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 413/2026-27** Date:07.10.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं-

कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (रू.)
Construction of Synthetic Atheletic Track at District Stadium, Dungarpur. UBN: RRC2627WSOB00674	464.52 Lakh
Construction of Multipurpose Indoor Hall at District Stadium, Dungarpur. UBN: RRC2627WSOB00675	304.96 Lakh

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दूरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262,

Email:- ceoudr.lsg@rajasthan.gov.in electricalumc50@gmail.com Website :- https://udaipurmc.org/

क्रमांक :-ननिउ/ विद्युत/2026-27/542 दिनांक :- 06.10.2026

ई-बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 10/2026-27

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विद्युत शाखा से सम्बंधित विभिन्न विकास कार्य जिसकी कुल अनुमानित लागत राशि 159.46 लाख हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा दिनांक 20.10.2026 समय सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN No. UNP2627WSRC00105 आयुक्त

राज.संवाद/सी/26/11514 नगर निगम, उदयपुर

झालावाड़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड

प्रधान कार्यालय, "सहकार भवन, झालावाड़" एन एच -52, झालरापाटन -326023

क्रमांक :- जेकेएसबी/का.()स्टोर/2026-27/ दिनांक :- 06/10/2026

निविदा सूचना

बैंक शाखाओं में OFFICE FURNITURE & STEEL STORAGE ITEMS हेतु NIT NO.-004/2026-27 द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र निर्धारित दिनांक 25/10/2026 को सायं 02:00 बजे तक निर्धारित निविदा अनुसार बैंक प्रधान कार्यालय, सहकार भवन, NH-52, झालरापाटन-326023 में भिजवाये जा सकते है। विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाईट http://www.ccbjhalawar.bank.in तथा SPPP Portal - http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code - JKS2627A0014, UBN NO.- JKS2627GLOB00014

राज.संवाद/सी/26/11498 प्रबंध निदेशक

कार्यालय अधिशाषी अभियंता

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ग्रामीण खण्ड भीलवाड़ा

पुर रोड, भीलवाड़ा, फोन नं. 01482-240044

कमांक/अअ/भील/ग्रा.खण्ड/2025-26/2586-87 दिनांक :-30.09.2026

निविदा सूचना संख्या 47-50/2026-27

NIB Code: PHE2627A2974, PHE2627A2976

राजस्थान के राज्यपाल महोदय, की ओर से इस कार्यालय द्वारा 04 कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई- टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका समस्त विवरण वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in व SPPP.rajasthan.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

UBN NO: PHE2627WSRC06272, 74, 79-80 अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग, ग्रामीण खण्ड भीलवाडा

DIPR/C/17338/2026

कार्यालय अधीक्षक, सुपरस्पेशियलिटी चिकित्सालय

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संलग्न चिकित्सालय समूह, रंगबाडी रोड, कोटा (राज.) पिनकोड-324005

क्रमांक : प.()/ लेखा/क्रय/न्यूरोसर्जरी / 2026-27/872 दिनांक: 29.09.2026

ONLINE OPEN BOLI NO: 12/2026-27(E-Tender)

UBN: CMK2627GLO B00167

सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय कोटा एवं चिकित्सा महाविद्यालय कोटा से सम्बद्ध चिकित्सालयों के Neurosurgery Department हेतु Implant, Consumable Items, Aneurysm Clip (Sugita type), Instruments, Electric Drill (Manman) etc. के क्रय हेतु द्विवार्षिक दर संविदा जिसकी अनुमानित लागत राशि रूपये 3.70 करोड़ (अक्षरे तीन करोड़ सत्तर लाख रूपये) अतिरिक्त के मूल निर्माताओं / अधिकृत विक्रेताओं / वितरकों / सदभावी व्यवहारियों से ई-उपापन प्रक्रिया से दिनांक 29.9.2026 प्रातः 10 बजे से दिनांक 29.10.2026 को सायं 5.00 बजे तक ऑन लाइन बोली आमंत्रित की जाती है। समस्त बोली एवं बोली प्रपत्र दिनांक 29.09.2026 सांय 05.00 बजे से दिनांक 29.10.2026 सांय 05.00 बजे तक ऑन लाइन आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.education.rajasthan.gov.in/gmckota एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

अधीक्षक

DIPR/C/17170/2026 एस.एस.एच., कोटा (राज.)

Office of Executive Engineer

PHED, Division Nadbai

No.F()EE/NDB/2026-27/1208 Date: 30/09/2026

Notice Inviting Bid No.40-44/2026-27

NIB No. 40-44 bids for Repair and maintenance works (05 works), Costing Rs 20.8 Lacs is invited on behalf of the Governor of Rajasthan from eligible enlisted in appropriate class contractors of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criteria. Contractors enlisted with other departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/Postal/ Telecom/ Railway/ MES/ other State Government/ Central Government undertakings/ organization in class equivalent to "A/AA" class of Rajasthan (as applicable) and meeting prescribed eligibility criteria may also apply. Details of this Bid notification can also be seen in NIB exhibited on' web site www. http://sppp.rajasthan.gov.in .Tander selling and receiving date 14.10.2026 up to 4:00pm. & Bids are to be opened at 02:00 PM on 15.10.2026. NIBCode :PHE2627A2865 UBNNO:PHE2627WSOB06061, PHE2627WSOB06062, PHE2627WSOB06064, PHE2627WSOB06066, PHE2627WSOB06067

Avlok Kumar Meena
Executive Engineer
PHED, Division Nadbai

DIPR/C/17208/2026

जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक: जविप्रा/अधि.अभि.जोन-सी-1/2026-27/डी-87 दिनांक : 01.10.2026

बिड सूचना संख्या अधि.अभि.जोन-सी-1/02/2026-27

आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से कार्य **"Fencing work of JDA properties in Zone C-1 area, Jaipur"** कार्य में राशि रू. 24.97 लाख के लिए दिनांक 12.10.2026 सायं 6.00 बजे तक मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण को, जो कि निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है, अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(UBN No.: JDA2627A0350)

निविदादाता को निविदा में भाग लेने हेतु आवश्यक है कि :-

1. जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो। निविदा शुल्क व आर.आई.एल.एल. प्रक्रिया शुल्क केवल ऑन लाईन ही देय होगी। बिड सिक्युरिटी के संबंध में निविदा में भाग लेने हेतु विहित प्रारूप (संलग्न) में घोषणा भर कर संलग्न करें।
2. ऑनलाईन निविदा में भाग लेने हेतु राजस्थान सरकार के पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजिकृत हो

राज.संवाद/सी/26/11484 अधिशाषी अभियन्ता जोन-सी-1